# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025





## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर लगा आयुष स्वास्थ्य शिविर



**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार जशपुर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 117 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण किया गया। इनमें आयुर्वेद पध्दति से 75 एवं होम्योपैथिक पध्दति से 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में है। जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक दीपक एक्का, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी हरिकृष्ण वास, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय साहू, आयुर्वेद फार्मासिस्ट शरद साहू, कुलदीप जगत उपस्थित रहे।

### 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले के 8 जनपद प पंचायतों में प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई का स्थापना किया गया है। जिसमें इच्छुक रिसाइकल्स,फर्म या थर्ड पार्टी द्वारा प्लास्टिक व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट में बेलिंग, फटाका, श्रेडींग या ग्राइडर,वजन मशीन व अन्य आवश्यक उपकरण का प्राथमिक चरण में प्राथमिकता पूर्वक संचालित करते हुए कार्य का क्रियान्वयन सह संचालन कर संपादित किया जाएगा। पीडब्ल्यूएम इकाई का क्रियान्वयन सह संचालन शासन या जिला द्वारा तय नियम व शर्तों के अधिन होगा। इस संबंध में इच्छुक रिसाइकलर्स या फर्म जिला पंचायत कार्यालय में 15 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# रावण के साथ मेघनाथ, कुंभकर्ण और अहिरावण का भी जलेगा पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- शहर में दो एवं जिले भर में 30 से अधिक जगहों पर होगा रावण का दहन
- ग्रामीण इलाकों में भी दशानन वध का कार्यक्रम होने लगा आयोजित



जशपुर दशहरा अपने आप में कई विशेषताएं समेटे हुए है। यहां सिर्फ रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता बल्कि पूरी लंका जलाई जाती है। इस लंका में रावण के साथ मेघनाथ, कुंभकर्ण और अहिरावण का पुतला खड़ा होता है। दशहरे के दिन गुरूवार को जशपुर में दो जगहों पर और जिले भर में 30 से अधिक स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम होगा।

रावण दहन की रिसासत कालीन परंपरा के निर्वहन के लिए रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ और अहिरावण का पुतला रैनीडांड़ हाईस्कूल ग्राउंड में बनाया गया है। वहीं रणजीता स्टेडियम ग्राउंड में करीब 60 फीट का विशालकाय रावण अलग से बना है। परंपरा के अनुसार पहले सिर्फ रैनीडांड़ में चार पुतलों का दहन किया जाता था। रणजीता ग्राउंड में विशालकाय रावण का दहन और आतिशबाजी हाल के कुछ सालों से जुड़ी है। जिस तरह से शहर में अब दो जगहों पर रावण का दहन हो रहा है, वैसे ही जिले भर में रावण दहन का कार्यक्रम ग्राम स्तर पर भी आयोजित किए जाने लगे हैं। पहले लोग रावण दहन देखने के लिए गांव से शहर आते थे। पर अब नजदीकी गांव में भी दुर्गा पूजा समितियों द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। जिले भर में करीब 30 से अधिक स्थानों पर इस साल रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। छोटे–छोटे रावण सैकड़ों की संख्या में जलाए जाएंगे। पर सार्वजनिक रूप से रावण के विशाल पुतले का दहन भी अब पहले से अधिक स्थानों पर हो रहे हैं।

### आरा में बजाई जाती है रणभेरी

आरा में दशहरा महोत्सव सैकड़ों साल पुरानी परंपरा के अनुसार मनाई जाती है। दशहरा महोत्सव में प्राचीन युद्धकला की झलक और आरा नायक के शौर्य गाथा की झलक देखने को मिलती है। यहां रावण दहन से पूर्व वादक दलों द्वारा जो बाजे बजाए जाते हैं, वह युद्ध प्राचीन काल के युद्ध के समय बजाई जाती थी। वादक दलों के पूर्वज डोम राजा थे। ये अद्भूत शस्त्र कला का प्रदर्शन करते हैं। दशहरे के दिन इनके द्वारा ऐसी धुन बजाई जाती है कि व्यक्ति में अलग ही उत्साह का संचार होता है। ऐसी धुन युद्ध में तब सैनिकों को उत्साहित करने के लिए बजाई जाती थी। ढोल-नगाड़ों के साथ सिंग बाजा, डंका, नरसिंहा (रणभेरी) सहित कई वाद्य यंत्र यहां बजाए जाते हैं।

### यहां होगा रावण दहन का कार्यक्रम

जशपुर शहर में रैनीडांड़ और रणजीता स्टेडियम ग्राउंड के अलावा आरा, लोदाम, मनोरा, आस्ता, कुनकुरी, केराडीह, नारायणपुर, साहीडांड़, बगीचा, सन्ना, कांसाबेल, सरईपानी, टांगरगांव, हथगड़ा, पत्थलगांव, सुरेशपुर, सुखरापारा, केरसई, सिंगीबहार, तपकरा, लवाकेरा, अंकिरा, पंडरीपानी, फरसाबहार, कोल्हेनझरिया, बाबू साजगहार, पतराटोली सहित अन्य जगहों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### तैयार हो रहा 60 फीट का पुतला

जशपुर शहर में रैनीडांड़ की चार पुतलों का निर्माण स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। वहीं रणजीता ग्राउंड में 60 फीट ऊंचा विशालकाय रावण बनाने का काम बंगाल से आए कलाकार कर रहे हैं। रावण तैयार करने के लिए सबसे पहले लंबी लकड़ी गाड़ी गई है। शरीर के अंग बांस से तैयार किए गए हैं। रावण के घड़ों का निर्माण भी लकड़ी और बांस से किया गया है। भीतर में पुआल भरा गया है। शानदार आतिशबाजी के लिए भी टीम बाहर से बुलाई गई है। रावण दहन से पहले करीब एक घंटे तक आतिशबाजी की जाएगी।

## जशपुर जिले के सभी गायत्री प्रज्ञापीठों में हुई नौ दिवसीय साधना

# गायत्री शक्तिपीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कई प्रकार के संस्कार भी कराए गए





शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर्व में गायत्री शक्तिपीठ जशपुर में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूरे विधि विधान से श्रद्धालुओं ने यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान की। जिसमे 5 पालियो में श्रद्धालुओं ने हवन किया एवं गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र मंत्र से आहुति प्रदान करते हुए पूरे विश्व के कल्याण की कामना की गई।

इसके साथ मां दुर्गा की भी स्तुति करते हुए आहुतियां प्रदान की गई एवं नौ दिवस अनुष्ठान करने वाले परिजनों ने पूर्णाहुति की। इसके साथ ही नामकरण, अन्नप्राशन, जन्मदिवस एवं दीक्षा संस्कार भी कराए गए। मंच का संचालन महिला मंडल जशपुर के द्वारा किया गया जिसमें श्वेता दुबे, निद्रावती चौहान, सावित्री पैंकरा, राजेश्वरी साहू एवं माया सिंह के नाम शामिल है। यज्ञ के दौरान निद्रावती चौहान ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन मे उपासना स्वाध्याय संयम सेवा के गुणों को अपनाकर अपने जीवन को महान बनना चाहिये। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र महामंत्र है जिसके जप ध्यान से आयु, कीर्ति, धन एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। श्वेता दुबे ने कहा कि नवरात्रि पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। यह शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक शुद्धि का त्योहार है, जो प्रकृति के साथ चेतना को जोड़ने का अवसर देता है। राजेश्वरी साहू ने कहा कि नौ दिनों के उपवास से शरीर के विषैले तत्व बाहर निकलते हैं, शरीर और मन शुद्ध होते हैं, और साधक को आत्मबल, सकारात्मक ऊर्जा व आंतरिक शांति प्राप्त होती है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के सभी प्रज्ञा संस्थानों में कलश स्थापना की गई थी।

### कराया गया कन्या भोज

इस दौरान नौ कन्यायो को सर्वप्रथम मंत्रोचार के साथ कन्यापूजन किया गया एवं उन्हें विधिवत कन्याभोज कराया गया । जिसमें गायत्री परिजनों के साथ ही नगर की माताओ बहनो ने कन्या भोज में नौ कन्यायो को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया एवं उन्हें भेंट प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार ट्रस्ट मंडल जशपुर एवं नगर एवं आस पास के गांवों के नागरिकों, माताओ, बहनो का सहयोग सराहनीय रहा।

# मोबाइल शॉप में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- चार आरोपी गिरफ्तार, बरामद लाखों रुपये का मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान



जिले के थाना बगीचा क्षेत्र के महादेव डांड में स्थित तनवीर मोबाइल शॉप में हुई चोरी का जशपुर पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा। आरोपियों के कब्जे से चोरी का लगभग 3.20 लाख रुपये का मोबाइल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 27 सितंबर 2025 को प्रार्थी जाकिर हुसैन उम्र 34 वर्ष, निवासी सुखबासु पारा, वार्ड 07, थाना बगीचा अपनी मोबाइल शॉप तनवी मोबाइल शॉप, महादेव डांड बंद कर बगीचा लौट गए थे। अगले दिन, 28 सितंबर 2025, सुबह लगभग 08:30 बजे, जब प्रार्थी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर टूटा हुआ है और दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसके दूकान से जियो भारत मोबाइल फोन 9 नग,जियो फोन 22 नग,सैमसंग फोन 5 नग,अन्य ब्रांड के मोबाइल और स्मार्ट वॉच 12 नग,बीटी बॉक्स, हेडफोन, ईयरबड्स, चार्जर और टॉर्च सभी सामान की अनुमानित कीमत लगभग 3,20,000 बताई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर थाना बगीचा में तत्काल बीएनएस की धारा 305 (क), 331(4) व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की।



4 मां दुर्गा की आराधना में डूबा घरघोड़ा 5 जगहों पर विराजीं मां जगतजननी




## बकायादारों में नगरीय निकाय सबसे आगे, बिजली विभाग खेल रहा नोटिस-नोटिस का खेल

# जनता के घर 10 हजार गया बिल तो 'बिजली कट' इधर सरकारी विभागों में 1.42 अरब का बकाया

जितेन्द्र मेहर ⏭ रायगढ़

शहर सहित जिले में बिजली विभाग द्वारा कार्रवाई भी चेहरा और हैसियत देख कर की जाती है। आम जनता के घर अगर बिजली बिल 10 हजार के पार चला गया तो तत्काल उनकी बिजली काट दी जाती है, लेकिन यहां के राज्य और केन्द्र के करीब 90 शासकीय विभागों व निकायों का सालों से करीब 1 अरब 42 करोड़ रुपए का बकाया है। ऐसे विभागों पर कार्रवाई करने के लिए विद्युत विभाग के हाथ छोटे पड़ रहे हैं। बकाएदारों में नगरीय निकाय सबसे आगे है। इन बकाया बिलों के भुगतान के लिए अभियान चलाने के बजाय अधिकारी नोटिस-नोटिस का खेल खेल रहे हैं और इनकी बिजली भी नहीं काट रहे हैं।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

दरअसल जिले के सरकारी विभाग मुफ्त में बिजली का उपयोग कर रहे हैं। क्योंकि अधिकांश विभागों ने सालों से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। जिससे अधिभार मिला कर ये राशि डेढ़ अरब तक पहुंच गई है। बकायदारों की लिस्ट में सबसे आगे नगरीय निकाय है। नगर निगम और नगर पंचायतों का नल-जल, सड़क बस्ती, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मिलाकर करीब 97 करोड़ रुपए का बकाया है। जबकि दूसरे स्थान पर ग्राम पंचायतें हैं। इनका भी करीब 23 करोड़ रुपए का बिल बकाया है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी बकायदारों को समय-समय पर नोटिस भेजकर भुगतान करने के लिए रिमाइंड कराया जाता है, लेकिन इसका परिणाम कुछ भी नहीं निकलता है। विभागों के पास फंड होने के बाद भी बिल भुगतान में कोई रूचि नहीं दिखाते। जिससे सरकार का पैसा सरकारी विभागों में ही अटका हुआ है। कुछ विभाग ऐसे हैं, जो पिछले पांच सालों से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। नगरीय निकाय के पास जनता का टैक्स पहुंच रहा है, दुकानों का किराया आ रहा है इसके बाद भी निकाय द्वारा टैक्स पटाने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है। यही कारण है कि बकायदारों में नगरीय निकाय टॉप पर है। हालांकि कुछ विभागों द्वारा खानापूर्ति के लिए बीच-बीच में किश्तों में बकाया बिल का भुगतान किया जाता है।



### अधिकारी आम उपभोक्ता को मानते हैं दुश्मन

बिजली विभाग द्वारा सिर्फ आम जनता पर ही सख्ती बरती जाती है। सरकारी अधिकारी भाई-भाई की तर्ज पर विद्युत विभाग के अधिकारी उनके विभागों पर रहम करते हैं और आम जनता को दुश्मन मान कर उन पर सितम ढाते हैं। जिले में ऐसे कई मामले हैं, जहां अगर किसी उपभोक्ता का 10 हजार रुपए का बिल बकाया हो जाए तो विभागीय अधिकारी तत्काल दल-बल के साथ संबंधित उपभोक्ता के घर पहुंच जाते हैं। वहीं उसके लाख निवेदन, आग्रह के बाद भी उसकी बातों को अनसुना कर बिजली काट देते हैं। यहां अधिकारियों द्वारा उपभोक्ता को कुछ माह का समय भी नहीं दिया जाता है। वहीं जब बात सरकारी विभागों की आती है तो सालों तक उन्हें मुफ्त बिजली का उपहार दिया जाता है।

### आर्थिक स्थिति ठीक, फिर भी भुगतान नहीं

शहर सहित जिले में कई सरकारी विभाग ऐसे हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक है। अलग-अलग कामों के लिए पर्याप्त बजट भी उपलब्ध है, जिसमें बिजली बिल भी शामिल है। बावजूद इसके अधिकांश विभाग समय पर बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिस कारण बकाया राशि में हर साल बढ़ोत्तरी हो रही है।

### राज्य और केन्द्र शासन के इन सरकारी विभागों का है सबसे ज्यादा बिजली बिल बकाया

| विभाग | - | बकाया राशि |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत (नल-जल) | - | 20 करोड़ 81 लाख 47 हजार |
| ग्राम पंचायत (सड़क बस्ती) | - | 1 करोड़ 94 लाख 10 हजार |
| पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | - | 76 लाख 91 हजार |
| नगरीय निकाय (नल-जल) | - | 66 करोड़ 5 लाख 39 हजार |
| नगरीय निका (सड़क बस्ती) | - | 27 करोड़ 9 लाख 33 हजार |
| नगरीय निकाय अन्य | - | 3 करोड़ 23 लाख 54 हजार |
| महिला एवं बाल विकास विभाग | - | 2 करोड़ 1 लाख 94 हजार |
| स्कूल शिक्षा विभाग | - | 5 करोड़ 70 लाख 38 हजार |
| उच्च शिक्षा विभाग | - | 54 लाख 59 हजार |
| स्वास्थ्य विभाग | - | 51 लाख 91 हजार |
| पुलिस विभाग | - | 25 लाख 38 हजार |
| आदिम जाति कल्याण विभाग | - | 54 लाख 14 हजार |
| राजस्व विभाग | - | 29 लाख 64 हजार |
| वन विभाग | - | 42 लाख 75 हजार |
| आवास विभाग (हाऊसिंग बोर्ड) | - | 49 लाख 24 हजार |
| लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | - | 20 लाख 19 हजार |
| लोक निर्माण विभाग | - | 16 लाख 76 हजार |
| कृषि विभाग | - | 12 लाख 50 हजार |
| रेशम विभाग | - | 24 लाख 98 हजार |
| खेल एवं युवा कल्याण विभाग | - | 28 लाख 6 हजार |
| रेलवे | - | 10 लाख 42 हजार |

(नोट : इस तरह राज्य शासन और केन्द्र शासन के सरकारी विभागों का कुल 142 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है।)

पुराना बकाया बिजली बिल का भुगतान करवाने के लिए मंत्रालय और सचिव स्तर पर फाइल बनाकर भेजी जाती है। अधिकांश विभागों से किश्तों में बिलों का भुगतान भी किया जा रहा है। जो विभाग लंबे समय से बिल नहीं पटा रहे हैं उन्हें नोटिस भेज कर रिमाइंडर किया जा रहा है।

**रामकुमार राव**
ईई, रायगढ़ डिविजन

## खबर संक्षेप

### जिंदल पार्किंग से चोरी ट्रेलर बरामद

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने जिंदल पार्किंग से चोरी हुए ट्रेलर वाहन को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 50 लाख रुपए की संपत्ति को जप्त किया है। प्रार्थी अश्वनी कुमार मिश्रा ने 29 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी ट्रेलर गाड़ी 26 सितंबर की रात को चिराईपानी पार्किंग से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस दौरान जांच में लगी पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर 1 अक्टूबर को पतरापाली जिंदल पार्किंग के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान सफीक खान निवासी दरंगखार जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश और एक किशोर के रूप में हुई। दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पार्किंग में रेकी कर खुले गेट और चाबी लगे ट्रेलर को चोरी किया और उसे रांची ले जाकर बेचने की योजना बनाई थी। 26 सितंबर को वाहन चोरी कर झारखंड लेकर जा रहे थ, जिसे रांची में बेचने का प्लान था लेकिन रास्ते में लैलूंगा के पास वाहन गड्ढे में फंस जाने से वे उसे छोड़कर बस से वापस रायगढ़ लौट आए थे। आरोपियों के मेमोरेंडम पर पुलिस ने चोरी हुए ट्रेलर को बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सफीक खान को न्यायालय में पेश किया गया वहीं नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत कर रिमांड पर भेजा गया।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम धनागर में भोजराम उरांव नामक युवक को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर के आंगन में अवैध शराब बनाकर बिक्री के लिए रखा है। इस पर पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में छापेमारी की, जहां से आरोपी भोजराम उरांव पिता उदयराम उरांव 25 वर्ष निवासी मदनपुर धनागर के कब्जे से सफेद रंग की 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरिकेन में महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना कोतरारोड़ में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### खेल में भाग लेने 27 तक कर सकते हैं पंजीयन

**रायगढ़।** युवाओं के खेल कौशल को मंच देने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 25 दिसंबर तक किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगाए जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर अपने पसंदीदा खेल का चयन करते हुए 27 अक्टूबर तक अपना पंजीयन कर सकते है। डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत व्यक्तिगत खेल के तहत 100 मीटर दौड़, लम्बीकूद, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, फुगड़ी तथा गेड़ी दौड़ को शामिल किया गया है एवं दलीय खेल के तहत व्हालीबॉल, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी आदि खेल सम्मिलित है। व्यक्तिगत खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्गों में 15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष तथा दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ियों के मध्य आयोजित होगा।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी और सहयोगी गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग बालिका को प्रेम जाल में फंसाकर भगाने वाले युवक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना 29 सितंबर की है जब नाबालिग बालिका की मां ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 सितंबर की शाम अखिल सिदार शादी का झांसा देकर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की गई। जांच में सामने आया कि बालिका की पहचान जून 2025 में इंस्टाग्राम के माध्यम से अखिल सिदार से हुई थी। दोनों में मोबाइल और वीडियो कॉल पर बातचीत होती थी और अखिल लगातार शादी का भरोसा दिलाता था। 28 सितंबर को वह मोटरसाइकिल से आया और बालिका को रायगढ़ रेलवे स्टेशन लेकर गया, जहां उसका साथी धर्मेन्द्र भी मौजूद था। बालिका ने घर लौटने की जिद की तो दोनों उसे घर के पास छोड़कर भाग निकले। ऐसे में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश की। मुखबिर की सूचना पर अखिल सिदार उर्फ घनश्याम सिदार 21 वर्ष और धर्मेन्द्र सिंह मरावी 23 वर्ष दोनों निवासी डोंगीपेन्ड्री थाना बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा को रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

# आकाशीय बिजली का कहर : दो युवक और तीन बकरियों की अकाल मौत

### छाल क्षेत्र का मामला, बकरी चराने जंगल गए थे दोनों युवक तभी हुई घटना





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें आकाशीय बिजली की चपेट मे आकर दो युवकों व तीन बकरियों की अकाल मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है। दरअसल मंगलवार को छाल थाना क्षेत्र के ग्राम गंजाईपाली निवासी आकाश किंडो पिता सुकलाल उराव 19 वर्ष व लिबुन केरकेट्टा पिता बोदो 19 वर्ष गांव के पास ठाकुरदेव डीपा के पास बकरी चरा रहे थे।

दोपकर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों युवक पास के महुआ पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। इसी दौरान आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इस घटना में दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही जंगल में चर रहे तीन बकरियों की भी गाज की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों के ने बताया कि बताए अनुसार प्रथम दृटिया दोनों युवक कि मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाया पति, सास, ससुर सहित चार पहुंचे जेल

### ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी थी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रधरनगर पुलिस ने विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले पति, सास, ससुर और चाचा ससुर को दुष्प्रेरण के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 23 सितंबर को हुई, जब थाना चक्रधरनगर को थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ से मृतिका अमीषा सिंह की मृत्यु संबंधी मर्ग डायरी प्राप्त हुई। जांच में सामने आया कि अमीषा सिंह ने नवंबर 2022 में गजानंद सिंह राजपूत निवासी संजय नगर बैंक कॉलोनी चक्रधरनगर से प्रेम विवाह की थी। विवाह के शुरुआती छह माह तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद अमीषा को पति गजानंद, सास जानकी बाई, ससुर संतोष कुमार राजपूत और चाचा ससुर शंकर राजपूत द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष प्रेम विवाह को स्वीकार नहीं कर रहा था और मृतिका को बार-बार ताने दिए जाते थे। पति शराब पीकर मारपीट करता था और रोजाना विवाद खड़ा करता था। लगातार प्रताड़ना से त्रस्त होकर 30 अगस्त को अमीषा सिंह ने अपने घर में फांसी लगा ली। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायगढ़ लाया गया और वहां से रायपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में सारंगढ़ के पास उसकी मौत हो गई। सारंगढ़ सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। मर्ग जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि ससुराल पक्ष की यातनाओं से मजबूर होकर अमीषा ने आत्महत्या की। इस आधार पर 30 सितंबर को थाना चक्रधरनगर में अपराध दर्ज कर आरोपी पति, सास, ससुर व चाचा ससुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया।

### नए प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान का हुआ शुभारंभ

**सारंगढ़।** आबकारी विभाग ने सारंगढ़ शहर में अपने नए प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान का शुभारंभ किया है। छोटे व्यापारी और ग्राहक नरेश केशरवानी ने शराब की खरीदी की शुरुआत की। यह शराब दुकान प्रतापगंज में आदर्श पेट्रोल पंप के पास स्थित सारंगढ़ सिटी सेंटर भवन में स्थित है।

# दुर्गा पंडाल से दानपेटी व मोबाइल की चोरी

**रायगढ़।** नवरात्रि में पूरा शहर में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना में लीन है। इसी बीच शहर के पुरानी बस्ती स्थित धोबीपारा के दुर्गा पंडाल में चोरी का एक मामला सामने आया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने यहां से दानपेटी सहित दो नग मोबाइल और बैग को पार कर दिया है। समिति की ओर से सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। दरअसल पुरानी बस्ती स्थित धोबीपारा में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां पंडाल को एक कुटिया का रूप देकर वहां नयानाभिराम मां की प्रतिमा को विराजित की गई है। बीती रात यहां भजन कीर्तन का दौर चला। इसके बाद रात तकरीबन साढ़े तीन बजे तक समिति के सदस्य पंडाल में मौजूद रहे और उसके बाद पंडाल में ही सो गये, लेकिन जब सुबह उनकी नींद खुली तो उनके होश उड़ गए। पंडाल से दानपेटी, दो मोबाइल और चंदा से एकत्रित किए गए रूपयों का बैग गायब था। ऐसे में समिति वालों चोरी का पता चला और इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई है।

### कर्मचारियों में नाराजगी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अब तक नहीं मिली श्रम सम्मान निधि की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अब तक श्रम सम्मान निधि की राशि नहीं मिल पाई है। विभाग द्वारा बजट स्वीकृत होने और जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति से प्रस्ताव पारित होने के बावजूद भुगतान लंबित है। इससे कर्मचारियों में गहरी नाराज़गी है।

समस्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राशि दिलाने की मांग की है। कर्मचारियों ने कहा है कि श्रम सम्मान निधि की राशि आदिवासी जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुमोदित कर दी गई है और बजट भी जारी हो चुका है। इसके बावजूद आज दिनांक तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार कई वर्षों से विभाग में कार्य कर रहे हैं और इस निधि का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन आश्वासन के बाद भी उन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें आक्रोश पनपने लगा है।

### बजट स्वीकृत पर भुगतान अटका

कार्यालयीन आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में श्रम सम्मान निधि की राशि वितरण की स्वीकृति दे दी गई है। यह राशि जिला स्तर पर पात्र दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को दी जानी है। कलेक्टर कार्यालय को इसका क्रियान्वयन करना है, लेकिन अब तक विभागीय स्तर पर राशि वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। कर्मचारियों ने कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप कर श्रम सम्मान निधि की राशि दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि त्यौहारों के समय वो आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113




## खबर संक्षेप

### घरघोड़ा में डांडिया और गरबा की मची है धूम

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में डांडिया और गरबा की धूम मची हुई है। शुरुआत से ही लोग इतने उत्साहित हैं कि वे खुद को गरबा करने से रोक नही पा रहे हैं। अपने साज सज्जा, आकर्षक लाइटिंग और रंगीन माहौल के कारण गरबा व डांडिया स्थल महिलाओं, बच्चों और युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना। कार्यक्रम में पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य के साथ-साथ रंगीला मारो ढोलना, घूंघट में चांद होगा, आंचल में चांदनी, जुगनी-जुगनी, नगाड़ा संग ढोल बाजे जैसे लोकप्रिय गीतों पर सभी ने देर रात तक झूमते हुए कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं।

### नवमी में कराया गया नवकन्या भोज

**कोसीर।** अंचल के मंदिरों सहित घरों में नवरात्र को लेकर पूजा पाठ पूरी श्रद्धा भाव के साथ हुई। जिसके फलस्वरूप गांव सहित पूरे अंचल में भक्तिमय महौल बना रहा। नौ दिन माता के नौ रूपों की पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र पर्व के नवमी को काफी उत्साह रहा, जिसे लेकर नवकन्या भोज बच्चो को कराया गया और आशीर्वाद लिया गया। कोसीर के माता कौशलेशवरी मंदिर, बटाऊपाली, भाठागांव, कुम्हाडी पाट सहित अन्य गावों में नौ कन्या भोज करा कर आशीर्वाद लिया गया।

### स्पीड पोस्ट के बुकिंग डिस्काउंट दरों में परिवर्तन

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग अपने विशाल नेटवर्क एवं विश्व के कई देशों में अपनी बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसके लिए विभाग समय समय पर अपने सेवाओं को अद्यतन करते रहता है ताकि समय के साथ आम जनों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके। इसी तारतम्य में डाक विभाग द्वारा आम जनों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्पीड पोस्ट सेवा के दरों में बदलाव किया गया है जो 1 अक्टूबर से प्रभावी होंगे जिसके तहत 50 ग्राम वजन के किसी डाक को भारत के किसी भी कोने में पोस्टेज दर मात्र 47 रूपए बेस चार्ज लागू जीएसटी दर के अनुसार भेजा जा सकेगा। 1 अक्टूबर से स्पीड पोस्ट आर्टिकल जिसमें आर्टिकल को पता आधारित वितरण प्रणाली के तहत वितरित किया जाता है का यदि कोई व्यक्ति चाहे तो आर्टिकल को किसी व्यक्ति विशेष को वितरण के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया जा सकेगा एवं इसका रजिस्ट्री शुल्क 5 रूपए लागू जीएसटी दर के अनुसार रहेगा। इसके अलावा डाक विभाग 1 अक्टूबर से ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली प्रारंभ कर रहा है जिसके लिए 5 रूपए जीएसटी अतिरिक्त का भुगतान कर कोई भी व्यक्ति इसका लाभ ले सकता है। जनसामान्य से निवेदन है कि वे स्पीड पोस्ट सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठावें एवं स्पीड पोस्ट करवाते समय पूर्ण पता पिनकोड सहित स्पष्ट व साफ अक्षरों में लिखें ताकि इसका शीघ्र निपटारा किया जा सके।

### पं. दीनदयाल ने अंत्योदय विचारधारा को साकार किया : ओपी चौधरी

**रायगढ़।** भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ के नेता के भाजपा के अग्रदूत पंडित दीनदयाल उपाध्याय को युगद्रष्टा बताते हुए वित्त मंत्री विधायक ओपी चौधरी ने कहा उनके द्वारा रोपित विचारधारा और सिद्धांतों के बीज ने भारतीय राजनीति कि नई दशा दिशा दी। मंत्री ओपी बिलासपुर में आयोजित सेवा पखवाड़ा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती में आयोजित समारोह में शामिल हुए और पंडित दीन दयाल के महान योगदान के संबध में आम जनो अवगत कराया।

### सफाई मित्रों को स्वच्छता मिशन के सच्चे योद्धा बताया

# एनटीपीसी लारा में मना स्वच्छ उत्सव सफाई मित्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एनटीपीसी लारा ने 1 अक्टूबर को मैत्री नगर टाउनशिप के केलो भवन में सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) रवि शंकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्ष अनुराधा शर्मा और बाल भवन की प्रभारी व उपाध्यक्ष अर्चना शंकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए रवि शंकर ने सफाई मित्रों को स्वच्छता मिशन के सच्चे योद्धा बताया और स्वच्छता व जन स्वास्थ्य को बनाए रखने में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। श्रीमती अनुराधा शर्मा ने अपने संबोधन में सफाई कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर और रहने लायक बनाने में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने 150 सफाई मित्रों को साड़ी, टी-शर्ट और रिफ्लेक्टिव जैकेट देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता लक्ष्य इकाई पहल के तहत सामुदायिक स्वच्छता अभियान, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने की शपथ और स्वच्छता व हाइजीन के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी शामिल था।



सम्मान समारोह में उपस्थित एनटीपीसी लारा के मुख्य महाप्रबंधक व अन्य।




# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा में अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या के आरोपी लेदाराम उर्फ लेद्दा राम तिर्की को हत्या के आरोपी में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 1 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। सूचनाकर्ता मसीह तिर्की के द्वारा 2 अगस्त 2022 को इस आशय से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 1 अगस्त को उसके खेत में धान रोपाई करने ईरनीयुस तिर्की व उसकी पत्नी सुकांति तिर्की को बुलाया था। रोपाई कर शाम करीब 6 बजे खेत से ये वापस आए तो उसके घर में सभी के लिए खाना बना था। खाना खाकर रात्रि करीब 9 बजे वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ अपने कमरे में सोने चला गया। रसोई में उसके पिता लेदाराम एवं उसकी मां सूखनी तिर्की तथा इरेनीयुस तिर्की खाना खा रहे थे। इसी दौरान इरेनीयुस और उसके पिता लेदाराम के बीच जमीन विवाद को लेकर विवाद बढ़ गया और लेदा राम ने इरेनीयुस के सिर में और चेहरे में धारदार टांगी से हजार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। मसीह तिर्की की रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा मैं लेदाराम तिर्की के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश घरघोडा ने सुनवाई करते हुए मामले के सभी साक्षियों का बयान दर्ज कराया तथा दोनों पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओं का तर्क सुनने के बाद लेदाराम तिर्की को धारा 302 के तहत सिद्धदोष पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# मां दुर्गा की आराधना में डूबा घरघोड़ा 5 जगहों पर विराजीं मां जगतजननी



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर नवरात्र महापर्व पर देवी शक्ति की भक्ति में सराबोर है। इस वर्ष नगर के पांच स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं भव्यता के साथ स्थापित की गई हैं। माता मंदिर नेगीपारा, हनुमान चौक, गायत्री मंदिर, ब्लॉक कॉलोनी और नवापारा पांचों जगहों पर माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है।

### गायत्री मंदिर में मंत्रों और यज्ञों की गूंज

गायत्री परिवार द्वारा यहां सप्तमी पाठ, हवन और देवी आराधना से वातावरण पवित्र और भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु यहां आकर मानसिक शांति और दिव्य ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं।

### नवापारा में परंपरा और संस्कृति की झलक

नवापारा का पंडाल स्थानीय संस्कृति पर आधारित है। ग्रामीण जीवन और परंपरा को दर्शाती यहां की सजावट झांकी को विशिष्ट पहचान दे रही है। पांचों स्थानों पर भक्तों का तांता लगा हुआ है। घरघोड़ा की गलियों में गूंजते जय माता दी के जयकारे नगर को शक्ति, आस्था और भक्ति का दिव्य स्वरूप प्रदान कर रहे हैं।

### नेगीपारा माता मंदिर में आस्था का अद्भुत संगम

नेगीपारा माता मंदिर हर वर्ष नवरात्र और दशहरा पर्व पर विशेष आकर्षण का केंद्र बनता है। यहां दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। परंपरा के अनुसार माता स्वयं भक्तों के शरीर में अवतरित होकर अपनी दिव्य शक्ति का अनुभव कराती हैं। श्रद्धालु त्रिशूल को जीभ या हाथ में भेदकर माता की सेवा करते हैं। यह अद्भुत दृश्य भक्तों के लिए आस्था, विश्वास और मां दुर्गा की महिमा का प्रत्यक्ष प्रमाण बन जाता है।

### हनुमान चौक में केदारनाथ धाम की झलक

हनुमान चौक का पंडाल इस बार केदारनाथ धाम की तर्ज पर सजाया गया है। विशाल पंडाल और विद्युत सजावट रात के समय दिव्य आभा बिखेर रही हैं।

### ब्लॉक कॉलोनी में गरबा डांडिया का उत्साह

ब्लॉक कॉलोनी का पंडाल विशालता और आकर्षक लाइटिंग के लिए प्रसिद्ध है। रात्रि में गरबा और डांडिया के कार्यक्रम भक्तिमय माहौल को और जीवंत बना रहे हैं।



### राउरकेला में धूमधाम से हुई मां की महानवमी पूजा

**राउरकेला।** मां की महानवमी पूजा के उपलक्ष्य में राउरकेला के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बीते दिन की अपेक्षा छोटे से बड़े सभी पूजा मंडपों में सुबह 9 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। पहले से की गई यातायात व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद यात्रियों को रास्ते में आने जाने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। विभिन्न चौराहों सहित रिंग रोड के दोनों ओर पुलिस तैनात रही। किसी भी प्रकार की घटना न हो इसके लिए पुलिस सतर्क निगाह रख रही है। पूजा मंडपों में मां की महानवमी पूजा जारी रही। बुधवार को मौसम साफ रहने से पूजा करने आए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंडप परिसर के चारों ओर छोटे से बड़े सभी दुकानदार अच्छी कमाई की उम्मीद में बैठे रहे। राउरकेला सहित बाहर से भी श्रद्धालु मां के दर्शन के साथ आकर्षक तोरण देखने के लिए पहुंचे हुए थे।

# भूमि संकट से जूझ रहे राउरकेला सरकारी अस्पताल की कोई नहीं ले रहा सुध

**राउरकेला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में बरहमपुर एवं बुर्ला मेडिकल कॉलेज के विस्तार कार्यों का शिलान्यास किया, लेकिन राउरकेला सरकारी अस्पताल इस प्रक्रिया से बाहर रह गया। इसका मुख्य कारण भूमि की कमी और प्रशासनिक शिथिलता को बताया जा रहा है।

■ जनता स्वास्थ्य अधिकार से वंचित : प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि वर्तमान अस्पताल के आसपास राउरकेला इस्पात संयंत्र की हजारों एकड़ भूमि वर्षों से अनुपयोगी पड़ी है। इस भूमि पर झुग्गी बस्तियां और अवैध खरीद बिक्री बढ़ रही है। जिला प्रशासन और राउरकेला इस्पात संयत्र आरएसपी के बीच समन्वय की कमी के चलते यह भूमि किसी भी सामाजिक या सरकारी कार्य में नहीं आ पा रही। यदि यही भूमि अस्पताल व अन्य जनहित परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जाए, तो राउरकेला के विकास को सर्वागीन विकास हेतु नई दिशा मिल सकती है।




### सपना बन कर रह गया मेडिकल कॉलेज

ज्ञात हो कि भुवनेश्वर कैपिटल हॉस्पिटल में पीजी कोर्स आरंभ हो चुके हैं, जबकि 2014 में प्रधानमंत्री ने राउरकेला में मेडिकल कॉलेज और पोस्ट ग्रेजुएट संस्थान का वादा किया था, जो अब तक लंबित है। जनता को उम्मीद है कि राउरकेला सरकारी अस्पताल का नवीनीकरण शीघ्र पूरा हो और शहर की जनता को स्वास्थ्य अधिकार प्राप्त हो।

### 627 करोड़ की राशि हो चुकी है आवंटित

राउरकेला सरकारी अस्पताल के लिए 627 करोड़ की राशि पहले ही आवंटित की गई है, लेकिन भूमि अभाव के कारण योजना ठप है। विगत वर्षों में बीजद सरकार के समय इस राशि को अन्यत्र मोड़कर बंदरबांट का प्रयास हुआ था, लेकिन कुछ संगठनों व चंद राजनैतिक दलों के विरोध से यह सम्भव न हो सका। खास बात यह है कि आज भी यह योजना फाइलों में धूल खा रही है।

### भूमि का योजनाओं के लिए करें सदुपयोग

राउरकेला के नागरिक अपेक्षा कर रहे हैं कि जिला प्रशासन और राउरकेला इस्पात संयत्र के आपसी तालमेल से इस भूमि को अस्पताल विस्तार के साथ साथ एयरपोर्ट, स्मार्ट बस स्टैंड, कृषि मंडी, ट्रक टर्मिनल और आवासीय योजनाओं के लिए सद्उपयोग करें। इससे ग्रेटर राउरकेला का सपना साकार होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन माझी की मंशा के अनुरूप हर परिवार को आवास व स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

# घरघोड़ा में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

**घरघोड़ा।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान सेवा पखवाड़ा के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में एक वृहद रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धार दीवान, जिला महामंत्री पटनायक, जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जिला संयोजक श्याम भोजवानी, घरघोड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, कुडूमकेला मंडल अध्यक्ष राजेश बेहरा, गंगाधर साहू, मुरली राठिया, गौरीशंकर गुप्ता, अम्बिका सोनवानी, सुनील ठाकुर, बबलू मोटवानी, सुनील होता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्याम भोजवानी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। सांसद राधेश्याम राठिया ने इस दौरान अस्पताल का भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना और उनकी सेहत की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को मरीजों के उपचार में विशेष ध्यान देने तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए।
शिविर में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सेत राम पैंकरा, अजय राठिया, डा. रोहित डनसेना, ज्योत्स्ना गुप्ता, गीता साहू, नागेंद्र नायक, डा. आर्ची, विजय बेहरा सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर मानवता का संदेश दिया।



# रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा धर्मः राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रक्तदान मानवता के लिए सबसे बड़ा धर्म है एक यूनिट से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। एक रक्तदाता जीवन रक्षक के समान होता है। उक्त बातें सांसद राधेश्याम राठिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत घरघोड़ा में आयोजित रक्तदान आयोजन के दौरान कही।

रक्तदान करके जीवन रक्षक बनने का आह्वान करते हुए सांसद ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, जैसे कि किसी दुर्घटना या बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को तत्काल रक्त की आवश्यकता हो सकती है। यह एक सामाजिक सेवा है जो मानवता की मदद करती है, और यह एक ऐसा कार्य है जो किसी के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। रक्तदान धर्म जाति के बंधन की बाधा को खत्म करता है। रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में एक वृहद रक्तदान शिविर का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान, जिला महामंत्री जतिन साव, जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, घरघोड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, कुडूमकेला मंडल अध्यक्ष राजेश बेहरा, गंगाधर साहू, मुरली राठिया, वरिष्ठ पत्रकार गौरीशंकर गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, पत्रकार बबलू मोटवानी, सुनील होता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। सांसद राधेश्याम राठिया ने इस दौरान अस्पताल का भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना और उनकी सेहत की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को मरीजों के उपचार में विशेष ध्यान देने तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में खण्ड चिकित्सा अधिकारी पैंकरा, अजय राठिया, डा. रोहित डनसेना, ज्योत्स्ना गुप्ता, गीता साहू, नागेंद्र नायक, डा. आर्ची, विजय बेहरा सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।




# कोसीर में अंचल का ऐतिहासिक दशहरा उत्सव आज

**कोसीर।** अंचल की बहुचर्चित ऐतिहासिक दशहरा उत्सव गुरुवार को कोसीर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। विदित हो कि कोसीर अंचल की एकमात्र ऐतिहासिक व बहुचर्चित दशहरा उत्सव होने के कारण बहुत ही प्रसिद्ध है। अंचल के लोग भारी संख्या में पहुंच कर दशहरा उत्सव का आनंद उठाते हैं। बुजुर्गो के अनुसार बताया जाता है कि कोसीर की यह दशहरा महोत्सव आदिकाल से चली आ रही है। पहले गांव के गौटिया के द्वारा बड़े पैमाने में किया करते थे और भव्य व आकर्षक इनाम रखा करते थे। जिसे लेकर लोग काफी उत्साहित रहते थे। तब से लेकर अब तक दशहरा महोत्सव में लोग काफी सख्या में पहुंचकर मेले का आनन्द उठाते हैं। विगत वर्षो की भांति इस बार भी महोत्सव को लेकर ग्राम पंचायत के द्वारा भव्य तैयारी की गई है और गढ विच्छेदन की विशेष तैयारी कर आकर्षक इनाम भी रखा गया है। समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया है वे सपरिवार मेला महोत्सव में पहुंच कर शान्ति पूर्वक मेला महोत्सव का आनंद उठाएं। कोसीर के दशहरा महोत्सव बहुचर्चित व ऐतिहासिक माना जाता है।



### कुड़ेकेला में नवरात्र पर्व का शानदार आयोजन

**कुडेकेला।** ग्राम कुड़ेकेला में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति शांति नगर कुड़ेकेला द्वारा नवरात्र का 32वां वर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आचार्य द्विवेदी महाराज के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचकर आरती एवं भजन का आनंद लिए, इसी कड़ी में नवमी के दिन कन्यभोज का आयोजन किया गया। उसके पश्चात समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। समिति के अध्यक्ष ननकी राम गोटिया ने बताया कि प्रतिदिन जोर शोर से माता रानी का पूजा पाठ एवं भजन किया जाता था और रायगढ़ एवं क्षेत्र के कई भजन मंडलियों द्वारा पंडाल में आकर प्रस्तुति दी गई। जिसमें समिति के सभी सदस्यों का संपूर्ण योगदान मिला। ज्ञात हो कि कुड़ेकेला में राजपूतपारा मोहल्ले में भी मां चंद्रहासिनी देवी का प्राचीन मंदिर है, जिसमें नवरात्र का आयोजन किया गया। दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। इसी तरह बाजारपारा मोहल्ले में भी संत आश्रम में मां दुर्गा नवरात्र का हर वर्ष आयोजन किया जाता है।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर द्वारा

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411